एक नजर में

## डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**इंदौर.** जनसंघ के संस्थापक व प्रथम अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज 23 जून को बलिदान दिवस है. विजय नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, महेश पालीवाल माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया. भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले और हरप्रीत सिंह बक्शी ने बताया कि इंदौर नगर के 2097 बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों पर माल्यार्पण एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित संक्षिप्त उद्बोधन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए तथा भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया. भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे ने कहा कि डॉ मुखर्जी का संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि भारत की आत्मा और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा का संघर्ष था. नेताओं ने बताया कि 06 जुलाई को डॉ मुखर्जी की जयंती है. यह वर्ष डॉ मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार डॉक्टर मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष को संस्मरण पक्ष के रूप में 23 जून से 06 जुलाई तक मनाया जाएगा. इस अवसर पर दीपक जैन टीनू, हरप्रीत सिंह बक्शी, कमल वाघेला, सुधीर कोल्हे, राकेश शर्मा, अश्विनी शुक्ला, सुरेश कुरवाडे, सचिन बंसल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## समाजसेवी असावा का सम्मान





**इंदौर.** समाजसेवा कोई पद, प्रतिष्ठा या पहचान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है. जब हम निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कुछ करते हैं, तभी सच्ची संतुष्टि और आनंद की अनुभूति होती है, स्थायी निर्माण अपने कर्तव्य निष्ठा के लिए जाने जाते हैं. यह बात वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वरलाल असावा ने माहेश्वरी समाज संयोगितागंज द्वारा महेश नवमी उत्सव के अंतर्गत माहेश्वरी भवन, नवलखा में वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान के अवसर पर व्यक्त किए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपालचंद्र डाड, सचिव, मुख्यमंत्री सिंहस्थ प्रभार एवं विशिष्ट अतिथि उद्योगपति आनंद नागौरी थे. माहेश्वरी समाज संयोगितागंज के अध्यक्ष संजय चंडक, मंत्री सौरभ राठी ने बताया कि महेश नवमी की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती मनोरमा देवी झंवर का भी शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. सुमित तापड़िया ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुति फ्एक कदम सशक्त भारत की ओर विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## मंडी शुल्क बढ़ोतरी का निर्णय वापस लेने का अनुरोध

**इंदौर.** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.50 प्रतिशत किए जाने के निर्णय के विरोध में ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशभर में दाल मिल कारोबार का एक दिवसीय बंद रखा गया, जो पूर्णत: सफल रहा. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव मुन्नालाल बंसल एवं सहसचिव दिनेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश की सभी दाल मिलों एवं दाल मिल संचालकों ने इस एक दिवसीय बंद को अपना पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया. प्रदेशभर में दाल मिलों में आवक-जावक, लोडिंग-अनलोडिंग एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियां पूर्णत: बंद रहीं. एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय प्रदेश के कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (दाल उद्योग), किसानों एवं व्यापारियों के हित में नहीं है। इस निर्णय से प्रदेश की दाल इंडस्ट्री, किसानों तथा व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा. एसोसिएशन ने चिंता व्यक्त की कि मंडी शुल्क में वृद्धि के कारण प्रदेश की दाल इंडस्ट्री अन्य राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हो सकती है, जिससे प्रदेश के उद्योग, व्यापार एवं रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन ने मध्यप्रदेश शासन एवं मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश के दाल उद्योग, किसानों एवं व्यापारियों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी शुल्क में की गई 0.50 प्रतिशत वृद्धि के निर्णय को तत्काल वापस लेने का कष्ट करें.

## भाजपा नेता गोपाल सिंगार गिरफ्तार

**इंदौर.** पुलिस ने भाजपा के शिवाजी मंडल उपाध्यक्ष गोपाल सिंगार को



अवैध नशे के कारोबारियों से संरक्षण राशि वसूलने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. कार्रवाई आजाद नगर क्षेत्र में गांजा और एमडी ड्रग्स के साथ पकड़े गए पंगुबाई, दुगाबाई, सरदार सहित अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद की गई. डीसीपी जोन 1 नरेंद्र रावत ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि सिंगार नशा कारोबारियों से नियमित रूप से पैसे लेता था. पंगुबाई ने हर माह 50 हजार रुपए देने की बात कही, जबकि अन्य आरोपियों ने भी वसूली की पुष्टि की. आरोपियों पर पहले से दो दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं, इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा में केस दर्ज कर सिंगार को गिरफ्तार किया. मंगलवार को आरोपी को 11 नंबर कोर्ट में पेश कर केंद्रीय जेल भेज दिया.

# 30 लाख की लूट का खुलासा करने वाली टीम समेत 58 पुलिसकर्मी सम्मानित

- बेहतर पुलिसिंग व ट्रैफिक मैनेजमेंट पर मिला नकद इनाम व प्रशस्ति पत्र

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के लिए कमिश्नरेट में साप्ताहिक पुरस्कार प्रणाली के तहत मंगलवार को 58 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार दिए. इनमें 30 लाख की लूट का खुलासा करने वाली टीम के 24 पुलिसकर्मी भी शामिल रहे. वहीं बेहतर यातायात प्रबंधन में योगदान देने वाले 15 पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया.**



पलासिया स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने विभिन्न मामलों में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी पुरस्कार प्राप्त कर्मियों का उत्साहवर्धन किया. पंढरीनाथ क्षेत्र में 29.65 लाख रुपए की लूट के मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और 22.60 लाख रुपए बरामद करने वाली टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया. इस कार्रवाई में जोन 4 के एडीसीपी, एसीपी सराफा, पंढरीनाथ, चंदन नगर, भंवरकुआं, छत्रीपुरा, रावजी बाजार, जूनी इंदौर, सराफा थाना व साइबर सेल के पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही. इसके अलावा गांधीनगर थाना में आरोपी को कुछ ही घंटों में पकड़ने, तेजाजी नगर में अवैध गैस टंकी बेचने वालों की गिरफ्तारी, तिलक नगर में चोरी का खुलासा, तुकोगंज में दोपहिया चोर से 14 वाहन बरामद करने और अपराध शाखा द्वारा एमडी ड्रग्स व ब्राउन शुगर के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाले पुलिसकर्मियों को भी पुरस्कृत किया.

### ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान बेहतर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर भी पुरस्कार

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाली टीम को भी सम्मान मिला. वहीं यातायात पुलिस के जवानों को शहर के प्रमुख चौराहों पर बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट, नीट परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की मदद, वीवीआईपी ड्यूटी और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में भूमिका निभाने पर सम्मानित किया. आईटी पार्क चौराहे पर गहनों और नकदी से भरा बैग बरामद करने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया. इस दौरान पुलिस आयुक्त ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने से अन्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरणा मिलती है और इससे पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार होता है.

# बैंक घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 35.52 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

- 356 करोड़ की धोखाधड़ी में धनलक्ष्मी सॉल्वेक्स पर कसा शिकंजा

**इंदौर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 35.52 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क कर ली हैं. यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है. मामला धनलक्ष्मी सॉल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड (डीएसपीएल), उसके डायरेक्टरों और सहयोगियों से जुड़ा है, हालांकि एजेंसी ने अभी आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं. ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार यह जांच सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी, जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंक कंसोर्टियम की शिकायत पर दर्ज हुई थी. इसमें यूनियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और बैंक ऑफ बड़ौदा भी शामिल थे. आरोप है कि आरोपियों ने बैंकों से धोखाधड़ी कर 356.31 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया. ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी और उसके प्रमोटरों ने गलत जानकारी देकर बैंक लोन और क्रेडिट सुविधाएं हासिल कीं और बाद में रकम को संबंधित फर्मों के जरिए डायवर्ट कर दिया. जांच में सर्कुलर ट्रेडिंग, फर्जी लेनदेन, बोगस एंट्री और लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) के दुरुपयोग के जरिए पैसों की हेराफेरी का खुलासा हुआ है.

# बेहतर परफॉर्मेंस : मल्हारगंज एसीपी व चंदन नगर थाना अव्वल

- मई माह का मूल्यांकन: एसीपी और थाना प्रभारियों को किया सम्मानित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट की मूल्यांकन प्रणाली में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया. मई माह के प्रदर्शन के आधार पर एसीपी मल्हारगंज और थाना चंदन नगर ने प्रथम स्थान हासिल किया.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में लागू इस प्रणाली के तहत थानों और एसीपी कार्यालयों के कार्यों का विभिन्न मापदंडों पर मासिक मूल्यांकन किया जा रहा है. इसी क्रम में मई माह के मूल्यांकन में सभी 12 एसीपी कार्यालयों में एसीपी मल्हारगंज प्रथम रहे. वहीं थानों में चंदन नगर प्रथम और कनाड़िया थाना द्वितीय स्थान पर रहा. मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर ने एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान, थाना प्रभारी चंदन नगर तिलक करोले, थाना प्रभारी कनाड़िया सहर्ष यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया. इस दौरान चंदन नगर के उप निरीक्षक मनोज भदौरिया और आरक्षक रवि पांडे को भी पुरस्कृत किया. अधिकारियों ने सभी को आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया.



# जनसुनवाई में 90 आवेदन आए, तुरंत कार्रवाई के निर्देश

- संवेदनशील सुनवाई से बढ़ा भरोसा
- कई मामलों में मौके पर ही पहल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आमजन की शिकायतों के तुरंत निराकरण के लिए आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदनों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. कई मामलों में मौके पर ही पहल कर राहत दिलाने की प्रक्रिया शुरू कराई गई.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं. प्राप्त आवेदनों में पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी में मतभेद, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतें, साइबर व ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लोन, लेन-देन व संपत्ति विवाद सहित अन्य प्रकरण शामिल रहे. सुनवाई के दौरान कई मामलों में अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए, वहीं कुछ प्रकरणों में दूरभाष पर चर्चा कर तुरंत और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मयंक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. वहीं पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हर शिकायत का पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निराकरण प्राथमिकता है. जनसुनवाई के जरिए आमजन और पुलिस के बीच भरोसा मजबूत हो रहा है.



### फर्जी लोन और साइबर फ्रॉड के मामले सबसे ज्यादा...

जनसुनवाई में आए आवेदनों में साइबर ठगी और फर्जी लोन के मामले प्रमुख रहे. कई आवेदकों ने शिकायत की कि उनके नाम पर बिना जानकारी के लोन निकाल लिया. पुलिस ने ऐसे मामलों में तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए. इसके अलावा जनसुनवाई में पति पत्नी विवाद, किरायेदारी और जमीन मकान से जुड़े मामलों की भी बड़ी संख्या रही. कई प्रकरणों में मौके पर ही समझाइश और कार्रवाई के निर्देश दिए.

# किसान नेता ने की सहकारिता चुनाव जल्द कराने की मांग

**इंदौर. सहकारिता संस्थाओं और बैंकों के चुनाव लंबे समय से नहीं कराने को लेकर किसान नेता ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. चेतावनी दी है कि जल्द चुनाव नहीं हुए तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा और न्यायालय की शरण ली जाएगी.**

सेवा सहकारी संस्था कदवाली खुर्द के पूर्व अध्यक्ष किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पिछले कई वर्षों से सोसाइटी और सहकारी बैंकों के चुनाव नहीं कराए हैं. आरोप है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह अधिकारियों को प्रशासक बनाकर बैठा दिया गया है, जिससे वे निरंकुश होकर किसानों को परेशान कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि बैंकों में भी निर्वाचित अध्यक्षों की जगह अधिकारियों के हाथ में जिम्मेदारी है, जहां भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं. मंडलोई ने मांग की है कि सहकारिता संस्थाओं के चुनाव जल्द कराए जाएं और बोवनी सीजन को देखते हुए सभी सोसाइटियों में किसानों की जरूरत के अनुसार आईएसआई मार्क खाद उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर गांव गांव धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा.




# गौ-सम्मान जनआंदोलन 27 जुलाई को होगा

**इंदौर. गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गो मंत्रालय की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे गो सम्मान आवाहन अभियान ने अब व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर लिया है.**

अभियान के संभाग प्रभारी पंडित मनोज तिवारी एवं जिला प्रभारी संजय कटारिया ने बताया कि इस संबंध में ग्वाल संत गोपालानंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को देश की 5410 तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सवा 5 करोड़ हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना-पत्र सौंपे गए थे. अभियान के अगले चरण में 27 जुलाई को देश के 790 जिला मुख्यालयों पर लगभग 40 करोड़ हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना-पत्र प्रशासन के माध्यम से सौंपे जाएंगे. इंदौर में यह कार्यक्रम प्रेम प्रकाश आश्रम, धोबी घाट, लालबाग के पास आयोजित किया जाएगा. क कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गौसेवा गतिविधि के प्रांत सह-संयोजक कमल शिंदे एवं संत भवानीपुरी दीदी के सान्निध्य में आयोजित होगा. इस अवसर पर इंदौर अभियान की जिम्मेदारियों की भी घोषणा की गई. संजय कटारिया को जिला प्रभारी, भूपेंद्र पोतदार को हस्ताक्षर प्रभारी, अमित राजपुरोहित को तहसील प्रभारी, निलेश गंगराड़े को सोशल मीडिया प्रभारी तथा नीरज मित्तल एवं अक्षय मित्तल को प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई. वहीं धर्मेश शाह को व्यापारी संगठन प्रभारी तथा शोभा भूतड़ा, सुशीला जैन पोरवाल, नीलम दुबे, चंदा तिवारी, स्वाति शर्मा एवं सुचेता तिवारी को मेहंदी मांडना अभियान का प्रभारी बनाया गया.



# हेलमेट अभियान जारी, पुलिस ने 4,450 से ज्यादा हेलमेट बांटे

- ट्रैफिक साथी एप से 4,710 लोग जुड़े
- नियम पालन करने के लिए किया जागरूक

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का जनजागरूकता अभियान लगातार जारी है. हेलमेट वितरण, चालानी कार्रवाई और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है.**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में 23 जून को पलासिया चौराहे पर 33वां हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें अभियान चलाया. इस दौरान नियमों का पालन करने वाले दोपहिया चालकों को हेलमेट वितरित किए, वहीं उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर उन्हें समझाइश भी दी गई. हेलमेट पहनकर चलने वाले जिम्मेदार चालकों को सम्मानित भी किया. ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक अब तक 33 अभियानों में 4,450 से अधिक हेलमेट वितरित किए जा चुके हैं. ट्रैफिक प्रहरी अभियान से 3,915 नागरिक जुड़ चुके हैं. वहीं इंदौर ट्रैफिक साथी एप में 4,710 लोगों ने पंजीकरण कराया है और सिविलियन रिपोर्ट फीचर के जरिए 403 सूचनाएं पुलिस तक पहुंची हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है.



# भगवान महेश के जयकारों से गूंज उठा शहर का पश्चिमी क्षेत्र

- माहेश्वरी समाज की विशाल प्रभातफेरी निकली, हजारों महिला पुरुष सम्मिलित हुए

**इंदौर. माहेश्वरी समाज ने आज अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर प्रभात फेरी निकाली. प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में स्त्री पुरुष शामिल हुए। जगह-जगह प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र थी। पुरूष महिलाओं की अत्यधिक उपस्थिति ने माहौल को धर्ममय कर दिया.**

समाज के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री पप्पू, राम सोमानी एवं प्रतीक माहेश्वरी ने बताया कि प्रभातफेरी प्रात: 7 बजे जानकीनाथ मंदिर गोराकुंड से प्रारंभ हुई। इसके पूर्व जानकीनाथ मंदिर में भगवान महेश का रुद्राभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया. प्रभात फेरी के प्रारंभ में एक ऊंट गाड़ी पर मधुर संगीत की धुन बजाते हुए कलाकार कलाकार बैठे हुए थे. समन्वयक श्याम सारड़ा, विकास बांगड़ व संयोजक अर्पित दम्मानी ने बताया कि एक सुसज्जित बग्गी में भगवान महेश की विशाल प्रतिमा भी विराजित थी. जहां एक और हरिकिशन साबू भोंपू जी अपने भजनों की रस गंगा बहा रहे थे और युवा पीढ़ी उनके साथ नाच गा रही थी वहीं दूसरी ओर महिलाएं भी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भजन गाते हुए चल रही थी. दिनेश चितलांगिया, प्रदीप राठी, प्रकाश सोमानी ने बताया कि समाज की युवतियां गरबा करते हुए चल रही थी तो युवा भांगड़ा करते हुए प्रभात फेरी में शामिल थे. समापन पर मुख्य अतिथि रमेश चितलांगिया, दिनेश परवाल, शशांक न्याती, प्रकाश अजमेरा, राजकुमार साबू ने भगवान की आरती की. प्रभात फेरी गोराकुंड से निकलकर शक्कर बाज़ार, बड़ा सराफा, पीपली बाजार, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, शीतलामाता बाजार होते हुए पुन: जानकीनाथ मंदिर पहुंची जहां भगवान की महेश की कांकड़ा आरती उतारी गई तथा समाजजनों को प्रसाद वितरण किया गया। प्रभातफेरी में पुरुषोत्तम पसारी, कमल भुराड़िया, मुकेश असावा, कल्याणमल मंत्री, रामावतार जाजू, राम मूंदड़ा, कैलाश मूंगड़, राजेश मूंगड, सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे.



एक नजर में

पीटीसी में 79वां नव आरक्षक प्रशिक्षण सत्र शुरू, आधुनिक तकनीक और व्यवहारिक प्रशिक्षण पर रहेगा फोकस

# सेवा भावना और अनुशासन से बढ़ेगा वर्दी का सम्मान : आईजी अनुराग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में 79वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2026 का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईजी उपस्थित रहे. प्रशिक्षण में 1053 नव आरक्षक शामिल हुए हैं.**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में बीएनएस, बीएनएसएस, साक्ष्य अधिनियम, साइबर अपराध, अपराध अनुसंधान, कानून-व्यवस्था प्रबंधन, शस्त्र संचालन, शारीरिक दक्षता, योग और व्यक्तित्व विकास जैसे विषय शामिल हैं. प्रशिक्षण को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम, सिमुलेशन और डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जाएगा. इस दौरान मुख्य अतिथि अनुराग ने नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का मूल उद्देश्य जनता का विश्वास जीतना, कानून का सम्मान बनाए रखना और सेवा भावना के साथ कार्य करना है. उन्होंने प्रशिक्षुओं को अनुशासन और मेहनत के साथ प्रशिक्षण लेने की सलाह दी. अंत में उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में पीटीसी के अधिकारी, स्टाफ और सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे. इस मौके पर आईजी अनुराग ने कहा कि पीटीसी में 79वें नव आरक्षक प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत हो गई है. इसमें शामिल 1053 प्रशिक्षु आधुनिक तकनीक और व्यवहारिक प्रशिक्षण लेने वाले नए आरक्षक सेवा भावना और अनुशासन से वर्दी का सम्मान बढ़ाएंगे.

